**स्किल इंडिया-2026 रिपोर्ट**


**कंप्यूटर स्किल के मामले में कर्नाटक के बाद यूपी दूसरे नंबर पर**

# रोज़गार के मोर्चे पर लखनऊ नंबर-1

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** योग्यता और कौशल के नक्शे पर यूपी की चमक और बढ़ी है। यूथ एम्प्लॉयबिलिटी यानी रोजगार की योग्यता के मामले में यूपी 78.64% स्कोर के साथ देश में पहले पायदान पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली जैसे राज्य भी पीछे हैं। वहीं, शहरों की श्रेणी में लखनऊ ने पुणे, बेंगलुरु, कोच्चि और चंडीगढ़ को पीछे छोड़कर टॉप पर जगह बनाई है। लखनऊ का एम्प्लॉयबिलिटी स्कोर 79.45% है। ये आंकड़े स्किल इंडिया-2026 की रिपोर्ट में सामने आए हैं।

पिछले कुछ साल में सरकार और नियामक संस्थाओं ने स्किल डिवेलपमेंट और वर्क एनवॉयरमेंट सुधारने पर फोकस बढ़ाया है। स्किल इंडिया की नई रिपोर्ट में इसके परिणाम साफ दिख रहे हैं। इसके मुताबिक, टियर-2 शहरों में लखनऊ में इंफॉर्मेशन टेक्नॉलजी, बैंकिंग, फाइनैंशल सर्विसेज ऐंड इंश्योरेंस और एडुटेक सेक्टर में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ रिमोट वर्क और गिग इकॉनमी के लिए लखनऊ बड़ा हॉटस्पॉट बन रहा है।

AI Image



## 1 साल में क्या बदला?

**78.64%** हो गया यूपी का एम्प्लॉयबिलिटी स्कोर 75% के मुकाबले

**47.56%** कंप्यूटर स्किल औसत, 45% था पिछले साल

**टॉप-5 से पहले पायदान पर पहुंच गया लखनऊ**

## क्या खास है यूपी में

- नौकरी के लिए महिला-पुरुष दोनो के शीर्ष पसंदीदा राज्यों मे
- 92.8% युवा चाहते है इंटर्नशिप
- लखनऊ और नोएडा आईटी, बैंकिंग-इंश्योरेंस और एडुटेक सेक्टर के हब बन रहे
- कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग और IT फ्रीलांसिंग मे मौके बढ़े
- टियर-2 शहरो मे रिमोट वर्क इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ा

## यहां बढ़े मौके

- यूपी, केरल और तेलंगाना के टियर-2 और टियर-3 शहरो मे भी महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं।
- इंजिनियरिंग में 80% एम्प्लॉयबिलिटी के साथ कंप्यूटर साइंस टॉप पर है।
- AI, डेटा एनालिसिस और क्लाउड कंप्यूटिंग के लिए भी मांग बढ़ रही है।

**47% युवा कंप्यूटर स्किल से लैस हैं UP में**

- क्रिटिकल थिंकिंग स्किल मे यूपी के युवा महाराष्ट्र (68.23%) के बाद दूसरे नंबर पर (67.89%) है।
- कंप्यूटर स्किल में यूपी कर्नाटक के बाद दूसरे नंबर पर है। यहां के 47% से अधिक युवा कंप्यूटर स्किल से लैस हैं।

**महिलाएं आगे निकली :** रोजगार की योग्यता के मामले मे प्रदेश की लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। महिला एम्प्लॉयबिलिटी बढ़कर 54% हो गई है, जबकि पुरुषों की एम्प्लॉयबिलिटी 51% के आस-पास है।

**ऐसे बनी रिपोर्ट**

7 लाख+ कैंडिडेट की योग्यताएं परखी गई

15 सेक्टर में 1000 से अधिक एम्प्लॉयर से जुटाए गए आंकड़े